दैनिक भास्कर (Dainik Bhaskar)

दिनाँक (Dated): 08/03/2025 | पृष्ठ सं0 (Page No). 1 | क्रम सं0(Serial No.) 14

**तमिलनाडु** • सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस पर आरटीसी थक्कोलम पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री

# शाह की स्टालिन को नसीहत- डॉक्टरी, इंजीनियरिंग तमिल में पढ़ाएं



सीआईएसएफ चीफ आरएस भट्टी को स्मृति चिन्ह देते शाह।

**रानीपेट** | तमिलनाडु में भाषा विवाद को लेकर सत्तारूढ़ डीएमके और भाजपा सरकार के बीच टकराव के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से राज्य में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा तमिल भाषा में शुरू कराने की अपील की है। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने कई बदलाव किए। यह सुनिश्चित किया है कि अभ्यर्थी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की परीक्षा अभ्यर्थी क्षेत्रीय भाषाओं में भी दे सकें। गृहमंत्री चेन्नई से करीब 70 किमी दूर रानीपेट में आरटीसी थक्कोलम में सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, प्रशासनिक सुधार हो, आध्यात्मिक ऊंचाई पाना हो, शिक्षा हो या राष्ट्रीय एकता-अखंडता, तमिलनाडु ने हर क्षेत्र में भारतीय संस्कृति को मजबूत किया। शाह की ये टिप्पणियां स्टालिन के हिंदी थोपने के आरोपों के बाद आई हैं। -शेष पेज 14 पर